पत्रांक 28 / ERSS

बिहार पुलिस मुख्यालय

(संचार प्रभाग)

प्रेषक,

पुलिस उप–महानिरीक्षक(प्रशासन)
सह सदस्य चयन समिति,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक,
सभी क्षेत्रीय पुलिस उप–महानिरीक्षक
(रेल सहित)बिहार।

पटना, दिनांक 01-06-2023

विषय :– बिहार पुलिस की महत्वाकांक्षी परियोजना ERSS ''आपातकालीन अनुक्रिया एवं सहयोग प्रणाली'' (Emergency Response Support System, Dial-112) में कार्य करने हेतु इच्छुक पदाधिकारियों/कर्मियों से स्वेच्छा प्राप्त करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

ERSS परियोजना के अन्तर्गत बिहार पुलिस रेडियो, टी0एक्स0 भवन, राजवंशी नगर, पटना में अधिष्ठापित Command & Control Centre के सुगम संचालन हेतु निम्न पदों पर कार्य करने हेतु पदाधिकारियों एवं कर्मियों की आवश्यकता है–

क्र0सं0	पद	अहर्त्ता
1	Call Response Associate (CRA)	सिर्फ महिला पुलिस कर्मी
2	Dispatch Officer (DO)	पु०अ०नि०(पुरूष/महिला)
3	Incident Response Manager (IRM)	पु०नि०(पुरूष/महिला)

उपरोक्त पदों कार्य करने के लिए निम्न अहर्त्ता रखने वाले पदाधिकारी एवं कर्मी अपना स्वेच्छा आवेदन समर्पित करेंगे :–

(क) <u>Call Response Associate के लिए आवश्यक अहर्त्तायें</u>

1. 30 अप्रैल, 2023 तक न्यूनतम 5 वर्षों का विभागीय सेवा पूर्ण कर लिया हो।
2. 30 अप्रैल, 2023 तक अधिकतम आयु 40 वर्ष हो।
3. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक हो।
4. कम्प्युटर कार्य का सामान्य का ज्ञान/अनुभव हो।

(ख) <u>Dispatch Officers एवं Incident Response Manager के लिए आवश्यक अहर्त्तायें</u>

1. 30 अप्रैल, 2023 तक न्यूनतम 5 वर्षों का विभागीय सेवा पूर्ण कर लिया हो।
2. 30 अप्रैल, 2023 तक अधिकतम आयु 50 वर्ष हो।
3. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक हो।
4. कम्प्युटर कार्य का सामान्य का ज्ञान/अनुभव हो।

उपरोक्त अहर्त्ता रखने रखने वाले पदाधिकारी एवं महिला पुलिस कर्मी अपना स्वेच्छा आवेदन निम्न प्रपत्र में सीधे What's App No. **9430477318** अथवा Email ID- **<u>erss.pmu@gmail.com</u>** पर दिनांक **05.06.2023 तक** समर्पित करेंगे।

स्वेच्छा आवेदन का प्रपत्र

क्रम	विवरण
1.	नाम
2	पदनाम
3	पदस्थापन (जिला / युनिट)
4	प्रतिनियक्ति स्थल (यदि हो)
5	लिंग (महिला / पुरूष)
6	उम्र
7	नियुक्ति तिथि
8	शैक्षणिक योग्यता
9	कम्प्युटर कार्य का सामान्य ज्ञान / अनुभव – हॉं / नहीं
10	कम्प्युटर सम्बन्धी कोई कोर्स किया गया हो तो विवरण दें।
11	पदाधिकारी / कर्मी का हस्ताक्षर एवं तिथि

आप सभी से अनुरोध है कि उपरोक्त आशय की जानकारी अपने क्षेत्र के सभी जिला के पुलिस अधीक्षकों / वरीय पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से इच्छुक पदाधिकारियों एवं कर्मियों को देने हेतु इस सूचना को पुलिस कार्यालय / पुलिस केन्द्र / सभी अनुमंडल / अंचल / थाना / ओ0पी0 के सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित कराने की कृपा करें।

इच्छुक पुलिस कर्मियों का चयन, पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित त्रिसदस्यीय कमिटी द्वारा किया जायेगा।

यह पूर्णतः प्रतिनियुक्ति आधारित व्यवस्था है, जिसमें न्यूनतम 01 वर्ष तथा अधिकतम 03 वर्ष का कार्य अवधि होगा। असंतोषजनक कार्य प्रदर्शन के आधार पर किसी भी समय पैत्रिक जिला / ईकाई वापस कर दिया जायेगा।

इस संबंध में पुलिस महानिदेशक, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

Vikas 1/6/23

पुलिस उप–महानिरीक्षक (प्रशासन)
सह सदस्य चयन समिति,
बिहार, पटना।

प्रतिलिपि :–

1. अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग / विशेष शाखा / रेलवे / सुरक्षा / मुख्यालय / बिहार पुलिस अकादमी / विधि–व्यवस्था / ए०टी०एस० / यातायात / विशेष कार्यबल / बजट, अपील एवं कल्याण / कमजोर वर्ग / मद्य निषेध / आधुनिकीकरण एवं राज्य अपराध अभिलेख व्यूरो बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. श्री प्रीतम कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, आर्थिक अपराध ईकाई, सरदार पटेल भवन, कमरा नं0 बी / 207 को सूचनार्थ एवं बिहार पुलिस के नवीन बेव–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Vikas 1/6/23

पुलिस उप–महानिरीक्षक (प्रशासन)
सह सदस्य चयन समिति,
बिहार, पटना।